राजीव मितान क्लब के माध्यम से आंखों के चेकअप के लिए भिलाई में आयोजित हुआ शिविर, बीपी और शुगर का भी हुआ टेस्ट, लोगों ने बढ़-चढ़कर उठाया शिविर का लाभ

भिलाई नगर/ राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से खुर्सीपार क्षेत्र में आंखों के चेकअप के लिए हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें ब्लड प्रेशर और शुगर की भी जांच की गई। दृष्टि नेत्रालय रायपुर एवं मेडिकल टीम के द्वारा गौतम नगर क्षेत्र में भिलाई के लोगों का हेल्थ चेकअप और आंखों की जांच की गई। 120 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। इनमें से 54 लोगों ने अपने आंखों का चेकअप कराया। 33 पुरुष व 21 महिला आंखो की जांच में शामिल हुए। राजीव युवा मितान क्लब के साथ इस आयोजन में मोशन फाउंडेशन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा खेल , सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां की जा रही है। खेल के आयोजन में कई लोगो ने मारी बाजी बने विजेता बालाजी नगर में तथा मदर टेरेसा नगर में एक दिवसीय खेल का आयोजन राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से किया गया। इस खेल में कबड्डी, रस्साकशी, बैडमिंटन, कुर्सी दौड़ आदि का आयोजन हुआ। जिसमें कबड्डी की पुरुष टीम में सागर, प्रिंस, महेश, आदित्य, युवराज, गौरव, आशीष, ऊवैस ने तथा महिला टीम में नंदिनी गुप्ता , रिमझिम, रोशनी, माही, श्वेता, आरुषि, अंशु, लक्ष्मी विजेता रही। रस्साकशी में मनोरमा , दीपमाला, गुप्ता, कुसुम देवी, बालादेवी, इंद्रावती, विद्यावती, सरोज विजेता रही। इसके साथ ही बैडमिंटन में अमन एवं भूषण तथा महिला बैडमिंटन में आकांक्षा एवं सानिया , कुर्सी दौड़ में अलीशा एवं आरती ने जीत हासिल की। एमआईसी मेंबर एकांश बंछोर एवं जोन 3 के जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राजीव युवा मितान क्लब के जग्गा गिडोड़े, शोहेल अहमद, आकाश मांझी आदि मौजूद रहे।